>

Title: Need to construct a Road Over Bridge on N.H. 98 in Aurangabad, Bihar at NH Grand Cord Crossing between Anugrah Narayan Road and Fessar in East Central Railway Zone.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): मेरा संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद, बिहार का एक पिछड़ा जिला है। यहां से होकर गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-98 बिहार की राजधानी पटना, झारखंड की राजधानी रांची एवं छत्तीसगढ़ की राजधानी बिलासपुर को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण राजमार्ग है। इसी राजमार्ग पर पूर्व मध्य रेलवे के मुगलसराय मण्डल के अंतर्गत अनुग्रह नारायण रोड़ तथा फेसर के बीच एनएच ग्रैंड कॉर्ड क्रोसिंग पर एक रोड ओवर ब्रिज का निर्माण अत्यंत ही आवश्यक है।

पूर्व मध्य रेलवे की यह लाइन सवारी एवं माल गाड़ियों के भारी परिचालन के कारण अत्यंत ही व्यस्त रेलमार्ग है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-98 पर भी हमेशा ही वाहनों का भारी दबाव रहता है, किंतु अक्सर ही माल गाड़ियों अथवा सवारी गाड़ियों के सम्यक परिचालन हेतु रेलवे फाटक को बंद करना पड़ता है जिससे राजमार्ग पर अक्सर ही घंटों अनावश्यक जाम लगा रहता है। स्थिति और बदतर तब होती है जब मरीज को शीघ्र इलाज की आवश्यकता हो। शादी-ब्याह के मौकों पर तो यह स्थिति और भी बदतर हो जाती है तथा सड़क पर घंटों जाम लगा रहता है जो स्थानीय आबादी के लिए प्रतिदिन की जद्दोजहद का विषय है।

मेरी सरकार से मांग है कि उक्त स्थान पर शीघ्र ही रेलवे द्वारा रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए।